हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 8 जनवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुलेसा का किया निरीक्षण



**तापमान**
अधिकतम 17.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम रैरूमाकला निवासी स्व.मयंक तिग्गा का आकाशीय बिजली से 08 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता ज्योति प्रकाश हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### फिटनेस प्रमाण-पत्र के नाम पर अवैध वसूली पर कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय जशपुर में पुलिस विभाग के अभ्यर्थियों से फिटनेस प्रमाण-पत्र बनाने के दौरान अवैध रूप से राशि मांगने के गंभीर प्रकरण सामने आने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उल्लंघन एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (क) के अंतर्गत की गई है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में जिला अस्पताल में पदस्थ भृत्य श्री सुबोध राम एवं चौकीदार राजू यादव शामिल हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस विभाग के अभ्यर्थियों से फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी कराने के दौरान अवैध रूप से राशि की मांग की थी। निलंबन अवधि में सुबोध राम का मुख्यालय कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार निर्धारित किया गया है, जबकि राजू यादव का मुख्यालय कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा नियत किया गया है। दोनों कर्मचारियों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शासकीय सेवाओं में भ्रष्ट आचरण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा भविष्य में इस प्रकार की किसी भी शिकायत पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आज से

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 08 जनवरी 2026 से ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ है। जशपुर जिले में कुल 06 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित है। इनमें बगीचा विकासखण्ड के सन्ना में बालिकाओं हेतु 60 सीट एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग विकासखण्ड जशपुर, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बुढरूडांड विकासखण्ड कांसाबेल, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा विकासखण्ड पत्थलगांव, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसाबहार विकासखण्ड फरसाबहार एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय देंगनी विकासखंड मनोरा जिसमें सभी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालकों के लिए 30 सीट एवं बालिकाओं के लिए 30 सीट निर्धारित है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में प्रवेश के लिए नियमावली तथा प्रवेश नीति के लिए ऑनलाइन पंजीयन वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन के लिए 8 जनवरी से प्रारंभ है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी तथा आवेदन फार्म में त्रुटि सुधार करने की तिथि 08 से 10 फरवरी 2026 है। प्रवेश परीक्षा की तिथि 1 मार्च प्रातः 10 से 12 बजे तक निर्धारित की गई है।

---

समग्र शिक्षा के एपीसी, एबीईओ, सरपंच एवं अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# पीएमश्री शाला बघिमा में सांस्कृतिक प्रदर्शनी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

समग्र शिक्षा जिला जशपुर के योजना अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बघिमा में सांस्कृतिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना गीत से हुई। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और जन जागरूकता थीम पर आधारित कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ-साथ देश भक्ति एवं नागपुरी गीतों में भी बच्चों ने नृत्य में अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यालय के शिक्षक रवि गुप्ता ने विद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि यहां के विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय एवं




एकलव्य विद्यालय में नियमित रूप से हो रहा है एवं विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इस दौरान जागरूकता के तहत बच्चों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति से संबंधित ⏭ शेष पेज 4 पर

### विजेताओं का सम्मान

इससे पूर्व विद्यालय में आयोजित कुर्सी दौड़, बैलून रेस, बोरा दौड़ एवं अन्य विधाओं में विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। नवोदय विद्यालय में चयनित आशीष यादव के पालक को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षक रवि गुप्ता को 2026 में राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन होने पर उपस्थित मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान समग्र शिक्षा के एपीसी गणेश सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के द्वारा पीएम श्री शालाओं में विभिन्न प्रकार के बेहतर सुविधा प्रदान की गई है एवं बच्चों को इस योजना के कारण शैक्षणिण गुणवत्ता में काफी देखी गई है एवं छात्र संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

### बाहर आती है प्रतिभाएं

सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर टुमनु गोसाई ने स्कूल के बेहतर माहौल की तारीफ की एवं उन्होंने अपने भाषण में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को सामने लाने का सबसे सशक्त जरिया हैं, जिससे उनका मनोबल ऊंचा होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक सुरेश खलखो द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समग्र शिक्षा एपीसी दीपा गुप्ता, पीएम श्री योजना के प्रोग्रामर अरुण चंद्रा, सरपंच पार्वती भगत, शाला समिति के अध्यक्ष शांतिलाल यादव, शिक्षक सीमा गुप्ता, ऋचा गुप्ता, मीना सिन्हा, मनोहर टोप्पो, तरीका बुनकर, रंजिता सारंगी, रूबी प्रियंका खेस माध्यमिक शाला के शिक्षक, पालक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

---

# झारखंड से आ रहा था धान पुलिस ने पकड़े दो ट्रक



- 400 बोरी में 160 क्विंटल धान जब्त, कीमत 3.68 लाख

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच सरहदी राज्यों से अवैध धान परिवहन पर जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की है। चौकी आरा क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने झारखंड से धान लेकर आ रहे दो ट्रकों को पकड़ लिया। दोनों ट्रकों से 400 बोरी में कुल 160 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 3 लाख 68 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त धान को आगे की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 7 जनवरी की सुबह ⏭ शेष पेज 4 पर

**दस्तावेज नहीं दिखा सके चालकः** पूछताछ में ट्रक चालकों ने बताया कि वे झारखंड से धान लोड कर जशपुर ला रहे थे। जब पुलिस ने उनसे मंडी टोकन और वैध दस्तावेज मांगे तो वे कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने धान समेत दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया।

**अब तक 1,960 क्विंटल धान पकड़ः चुकी है पुलिसः** पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अवैध धान परिवहन रोकने के लिए सरहदी रास्तों पर लगातार नाकाबंदी और पेट्रोलिंग की जा रही है। अब तक जशपुर पुलिस 7 ट्रक, 22 पिकअप और 3 ट्रैक्टर से कुल 1,960 क्विंटल धान पकड़कर जिला प्रशासन को सौंप चुकी है।

**कार्रवाई आगे भी जारी रहेगीः** पुलिस ने साफ किया है कि धान खरीदी सीजन के दौरान अवैध धान परिवहन के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

---

# दो सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बुधवार का दिन जशपुर के लिए हादसों भरा रहा। जिले में अलग–अलग स्थानों पर हुए दो बड़े सड़क हादसों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इन दुर्घटनाओं में कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### पेड़ से टकराई कार, उड़े परखच्चे

पहली घटना जशपुर जिला मुख्यालय से लगे बालाछापर गैस गोदाम के पास की है। यहां एक काले रंग की कार अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में पांच लोग सवार थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जिसमे तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान और उनकी स्थिति को लेकर अधिकृत जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

### स्कॉर्पियो–बाइक की जोरदार भिड़ंत

दूसरी घटना कुनकुरी से लगे खड़सा क्षेत्र में राजू ढाबा के पास हुई। यहां स्कॉर्पियो और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अनवर, निवासी जशपुर, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### तेज रफ्तार एवं लापरवाही दुर्घटना का कारण

जांच में जुटी पुलिस दोनों हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामलों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटनाओं का कारण माना जा रहा है।

---

### तीन तलाक के मामले में पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शहर में तीन तलाक बोलने का मामला सामने आया है। मोमिनपुरा में एक युवक ने पहले पत्नी को तीन बार तलाक-तलाक बोला फिर मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति का किसी दूसरे महिला से संबंध है। मामले में पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शहर के मोमिनपुरा निवासी शेख आमिन हुसैन जो राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद संगठन का अध्यक्ष है। इसकी पत्नी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इसका विरोध करने पर पति द्वारा अक्सर मारपीट व गाली गलौज की जाती है। इसी बात को लेकर 16 दिसंबर को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही पति शेख आमिन ने पहले तीन बार तलाक बोला फिर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने समझौते की कोशिश की लेकिन पति ने यह कहते हुए रखने से इंकार कर दिया कि व उसे तीन तलाक दे दिया है। समझौता न होने पर पीड़िता 5 जनवरी को कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 296, 351 (3) और मुस्लिम विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

---

# लुड़ेग के धान खरीदी केंद्र का जिपं अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

- किसानों से मिलकर व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

**जशपुरनगर।** किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने जिले के लुड़ेग धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखा जाए तथा किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने तौल प्रक्रिया, रिकॉर्ड संधारण, बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, छाया और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि किसानों को केंद्र पर सम्मानजनक और सुव्यवस्थित वातावरण मिलना चाहिए, श्री साय ने स्पष्ट किया कि धान की तौल के बाद भुगतान प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने



कहा कि शासन की मंशा है कि किसान संतुष्ट रहें और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी किसान को किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के अवसर पर समिति के कर्मचारी, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

---

# पीएम आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं पीएमजनमन के अंतर्गत आवास पूर्णता को गति देने के उद्देश्य से आवास पूर्णता हेतु सर्वाधिक लंबित पंचायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, जिला पंचायत पीएम आवास योजना व के सभी अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबंधित पंचायतों के तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने लंबित आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत भीतघरा, घट मुंडा एवं सिंगी बहार सचिव को नोटिस जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

जिला पंचायत सीईओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने पर जोर दिया। साथ ही, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

---

# गौ-तस्करों पर कार्रवाई, 20 गौवंश मुक्त, एक आरोपी जेल दाखिल

**जशपुरनगर।** गौ-तस्करी के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन शंखनाद में जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली जशपुर और थाना लोदाम क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 20 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, वहीं दूसरे मामले में तस्कर पिकअप छोड़कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार 6 जनवरी की शाम मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने डुमरटोली जंगल में घेराबंदी की। यहां एक तस्कर 10 गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए पैदल झारखंड ले जा रहा था। पुलिस को देख आरोपी



भागा, लेकिन पहचान के बाद उसके घर दबिश देकर अजीत राम उम्र 38 वर्ष, निवासी डुमरटोली, जशपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में उसने अपराध कबूल किया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत केस दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

दूसरे मामले में रात के समय हाईवे पर नाकेबंदी के दौरान पिकअप वाहन जेएच- 02 बीएस-4348 को रोकने की कोशिश की गई। ग्राम पतराटोली के पास तस्कर पुलिस को देख वाहन छोड़कर फरार हो गए। पिकअप में 10 गौवंश रस्सियों से बांधकर ठूंसे हुए मिले। सभी गौवंशों को सुरक्षित निकालकर पशु चिकित्सक से जांच कराई गई और वाहन को जब्त कर लिया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ-तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

---

# धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए की गई पूरी व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- किसानों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में धान खरीदी की जा रही हैं। जिले के 46 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी की जा रही हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

जिले के दुलदुला धान खरीदी केंद्र में किसानों को निर्धारित व्यवस्थाओं के साथ सहज एवं सुविधाजनक वातावरण में धान विक्रय की सुविधा मिल रही है। धान खरीदी केंद्र में धान बेचने पहुंचे किसान सबत यादव ने बताया कि केंद्र में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है और उन्होंने आसानी से अपना धान विक्रय किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए "टोकन तुंहर हाथ" मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन बुक करने की सुविधा से किसानों को काफी राहत मिली है। इस व्यवस्था के कारण उन्हें कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ी और समय की भी बचत हुई। श्री यादव ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है तथा निर्धारित समय पर तौल की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। उन्होंने शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से अपनी उपज बेचने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिया जा रहा है, जिससे किसानों का सम्मान बढ़ा है और उनमें आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है।

---

40.02 लाख में बिका टेंडर, कुल राशि 49.02 लाख पहुंची

# जतरा मेला ठेका नीलामी में टूटा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले जतरा मेला के आयोजन को लेकर इस वर्ष ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। जशपुर नगर पालिका के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित ठेका प्रक्रिया (टेंडर) में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मेला ठेका रिकॉर्ड 40 लाख 2 हजार रुपए में नीलाम हुआ।

सर्वाधिक बोली लगाकर आसित राम ने जतरा मेला का ठेका अपने नाम किया। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार यह बोली जतरा मेला के इतिहास की




अब तक की सबसे बड़ी और महंगी नीलामी है। इससे पहले कभी भी मेला ठेका इतनी ऊंची राशि पर नहीं गया था। बीते वर्ष जहां मेला ठेका 28 लाख 25 हजार रुपए में नीलाम हुआ था, वहीं इस वर्ष पहले ही 31 लाख रुपए की सरकारी बोली तय की गई थी। नीलामी के दौरान उम्मीद से कहीं अधिक उछाल देखने को मिला।

### गौशाला समिति को अलग से 9 लाख रूपए

नगर पालिका को दी जाने वाली ठेका राशि के अतिरिक्त, सफल ठेकेदार को 9 लाख रुपए अलग से गौशाला समिति को भी भुगतान करना होगा। इस संबंध में गौशाला समिति के अध्यक्ष अभय सोनी ने बताया कि परंपरा और निर्धारित नियमों के अनुसार यह राशि गौशाला समिति द्वारा ली जाती है। उन्होंने पुष्टि की कि इस वर्ष कुल ठेका राशि अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है।

### कुल ठेका राशि 49.02 लाख रूपए

इस प्रकार इस वर्ष जतरा मेला के लिए ठेकेदार को कुल मिलाकर नगर पालिका को 40 लाख 2 हजार रुपए एवं गौशाला समिति को 9 लाख रुपए कुल राशि 49 लाख 2 हजार रुपए का भुगतान करना होगा, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है।

### राजस्व में बड़ी बढ़ोतरी

रिकॉर्ड बोली से नगर पालिका के राजस्व में इस वर्ष बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि जतरा मेला न केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन बन चुका है। नगर पालिका परिषद जशपुर के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने कहा कि जतरा मेला जशपुर की सांस्कृतिक पहचान है। इस वर्ष ठेका नीलामी में रिकॉर्ड राशि प्राप्त हुई है, जिससे नगर पालिका के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मेला को व्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

**खबर संक्षेप**



## सरपंच संघ की बैठक में मूलभूत की राशि बढ़ाने की मांग

**बिहारपुर।** ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक सोमवार को ओड़गी जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुई जिसमें क्षेत्र के सभी सरपंचों ने भागीदारी की। बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों सहित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने पिछले 10 महीनों से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों हेतु शासन द्वारा आवंटन जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा राशि के अभाव में ग्राम पंचायतों का विकास अवरूद्ध होने की जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से सरपंच एवं पंचों के मानदेय में वृद्धि करने, मूलभूत मद की वार्षिक राशि 50 लाख रूपए निर्धारित करने, बंद गोठानी को पुनः प्रारम्भ करने, जीरामजी योजना निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सामग्री की राशि का आवंटन तत्काल जारी करने, ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के लिए अलग से राशि उपलब्ध कराने सहित अन्य सकंल्प पारित किए गए। सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह ने बताया कि जिलास्तर पर डीएमएफ फंड में भारी भरकम राशि आती है लेकिन इस राशि के उपयोग की जानकारी संबंधित ग्राम पंचायतों को नहीं मिल पाती न ही फंड की राशि संबंधित ग्राम पंचायतों के विकास पर खर्च होती है। इस संबंध में शीघ्र ही संघ के प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष बसंत लाल, श्रीमती विनीता नगेसिया, श्रीमती समनिया पैकरा, कपिल देव पैकरा सहित अन्य सरपंच उपस्थित थे।

## शक्ति केंद्र गोपालपुर में संगठनात्मक बैठक



**राजपुर।** भाजपा मंडल राजपुर अंतर्गत शक्ति केंद्र गोपालपुर में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सामरी विधानसभा की विधायक उद्देश्वरी पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान एसआईआर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। अभियान के तहत बूथ क्रमांक 10 एवं 11 में पात्र नागरिकों के नाम नवीन मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान श्रीमती सुशीला यादव, श्रीमती अनिमा यादव, श्रीमती प्रभावती, श्रीमती धनकुमारी एवं जगसाय का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु फॉर्म 6 भरवाया गया। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा मंडल राजपुर के अध्यक्ष जगवंशी यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मंडल महामंत्री बबलू यादव, बीएलए गोपाल, कमलसाय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आमगांव खदान में ओबी रिमूवल कार्य के लिए 8 नये आधुनिक टिपरों की तैनाती



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर अमगांव खुली खदान परियोजना (ओसीपी) ने उत्पादन उत्कृष्टता की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ाया है,ओवर बर्डन (ओबी) हटाने के कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आशीर्वाद कॉन्ट्रैक्चुअल कंपनी द्वारा 8 अत्याधुनिक टाटा टिपरों को परियोजना में शामिल किया गया,इन नए वाहनों का शुभारंभ डॉ संजय कुमार सिंहक्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा किया गया,टिपरों की तैनाती से ओबी रिमूवल कार्य को उल्लेखनीय गति मिलेगी,जिससे परियोजना अपने निर्धारित ओबी लक्ष्य को समय पर ही नहीं,बल्कि समय से पूर्व पूरा करने की स्थिति में आ सकेगी,प्रबंधन के अनुसार,संसाधनों के इस संवर्धन से परियोजना की उत्पादकता,परिचालन निरंतरता और सुरक्षा मानकों को और मजबूती मिलेगी,यह पहल एसईसीएल की प्रगतिशील कार्यनीति और आशीर्वाद कॉन्ट्रैक्चुअल कंपनी के समर्पित सहयोग से संभव हो सका है,आने वाले समय में आमगांव ओसीपी का क्षेत्रीय कोयला उत्पादन लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद है।

### 5 दिन के भीतर ही 1 लाख से अधिक पहुंचे सैलानी

# सैलानियों से गुलजार रामानुजगंज के पलटन घाट और वन वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नववर्ष पर अधिकांश सभी लोग परिवार के साथ किसी पर्यटक घूमने जाने की योजना बनाते है जहां परिवार के साथ हंसी खुशी बिताने और नए वर्ष की आद को संजोकर रख सके। नए साल के शुरू होने के बाद से ही जिले के अधिकांश दार्शनिक स्थलों पर लोगों का भीड़ बढ़ने लगा है। कुछ परिवार के साथ तो कुछ अपने सहपाठियों के साथ हर रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। कुछ इस तरह की स्थिति पलटन घाट व वन वाटिका की है जहां 1 जनवरी से अब तक दोनों जगहों पर 1 लाख से अधिक सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे और लोगों का आने का सिलसिला अब भी जारी है।

**खास बात**

- सीमावर्ती झारखंड के अलावा अन्य जिलों से घूमने और पिकनिक मनाने पहुंच रहे लोग

नववर्ष के अवसर पर रामानुजगंज नगर सीमा से सटे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रमुख पिकनिक एवं पर्यटन स्थलों पलटन घाट एवं वन वाटिका में सैलानियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक इन दोनों पर्यटन स्थलों पर 1 लाख से अधिक सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे। अकेले 1 जनवरी को ही दोनों स्थानों पर 30 हजार से अधिक लोग एकत्रित हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल निर्मित रहा। नववर्ष के पहले दिन सुबह से ही परिवार, मित्र मंडली एवं युवाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। दोपहर होते-होते पलटन घाट एवं वन वाटिका में लोगों की भारी भीड़ हो गई। सैलानियों ने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पिकनिक का भरपूर आनंद लिया, वहीं बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पलटन घाट एवं वन वाटिका अपनी नैसर्गिक खूबसूरती के कारण क्षेत्र के प्रमुख आकर्षण केंद्र माने जाते हैं। हरियाली, शांत वातावरण एवं प्राकृतिक छटा सैलानियों को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित करती है। हालांकि पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद इन स्थलों का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। वन वाटिका में पूर्व में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले एवं अन्य खेल सामग्री अब जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी मरम्मत एवं पुनर्स्थापना की आवश्यकता है। यदि वन विभाग द्वारा इन सुविधाओं को विकसित किया जाए तो यहां आने वाले सैलानियों की संख्या और बढ़ सकती है।



वन वाटिका में लोगों की भीड़।

### पर्यटन केंद्र के रूप में हो सकता है विकसित

पलटन घाट को लेकर क्षेत्रवासियों में इसके समुचित विकास की प्रबल इच्छा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहां मूलभूत सुविधाएं, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं तो यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। लोगों की भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि प्रशासन और संबंधित विभाग ध्यान दें तो पलटन घाट और वन वाटिका को पर्यटन के नक्शे पर एक नई पहचान दिलाई जा सकती

### दूसरे राज्यों से भी पहुंचे सैलानी

नववर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ झारखंड के रंका, डाल्टनगंज, गढ़वा सहित अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे। सभी ने प्राकृतिक वातावरण के बीच पिकनिक का आनंद लिया और क्षेत्र की सुंदरता की सराहना की।



## पोषण निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं समूहो से जुड़ी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आर्थिक सशक्तिकरण की नींव सशक्त मानसिकता पर आधारित होती है। दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास व्यक्ति को सफलता की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। जिले की स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने इस सोच को व्यवहार में उतारते हुए आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है। महिलाएं न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं, बल्कि जिले की महिलाओं एवं बच्चों को पोषण उपलब्ध कराने के अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्काल उपभोग हेतु तैयार रेडी टू ईट निर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया गया है। इन संयंत्रों में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक नमकीन दलिया तथा मीठा शक्ति आहार का निर्माण किया जा रहा है, जो विटामिन ए, विटामिन डी, थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, पाइरीडॉक्सिन, फोलिक अम्ल, कोबालामिन, आयरन, कैल्शियम एवं जिंक जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है। जिले प्रशासन द्वारा जिले में 7 पोषण आहार निर्माण संयंत्र स्थापित किए गए है। वर्तमान में भैयाथान, प्रतापपुर एवं सूरजपुर विकासखंड में तीन संयंत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इन तीनों संयंत्रों में 32 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से पोषण आहार निर्माण कार्य में संलग्न हैं। निर्मित पोषण आहार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार स्व-सहायता समूहों की महिलाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण में अप्रत्यक्ष किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महत्वपूर्ण बात है कि पोषण आहार के निर्माण के साथ-साथ उसके वितरण की भी जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई है। भैयाथान विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह, सूरजपुर विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह तथा प्रतापपुर विकासखंड में 13 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से वितरण कार्य में अपनी भूमिका निभा रही है। इन समूहों के माध्यम से 430 महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पोषण आहार वितरण कार्य में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

## केबल विस्तार के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त सड़क पर बेकार बह रहा पानी



**अम्बिकापुर।** प्रायवेट दूरसंचार कंपनी के लिए अंडरग्राउण्ड केबल विस्तार के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले 10 दिनों से सड़क पर पानी बह रहा है। पाइप लाइन से बेकार बह रहे पानी के कारण आसपास में निवासरत लोगों के घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। प्रायवेट दूर संचार कंपनी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शहर के कुछ वार्डों में अंडरग्राउण्ड केबल का विस्तार किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा स्वचलित मशीन द्वारा खनन कर केबल का विस्तार किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा 10 दिनों पूर्व चोपड़ा पारा स्थित उड़िया पंडित गली एवं नवापारा वार्ड के कुछ हिस्सों में स्वचलित मशीन के माध्यम से केबल का विस्तार किया गया। इस दौरान पानी आपूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सुबह शाम तेज रफ्तार से पानी बह रहा है। वार्डवासियों का कहना है पाइप लाइन से तेज रफ्तार पानी बेकार बहने की सूचना ननि के अधिकारियों को दी गई थी लेकिन पाइप लाइन की मरम्मत अब तक नहीं की गई है। पाइप लाइन से बेकार पानी बहने के कारण आसपास के घरों में कम पानी पहुंचने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं आसपास की गंदगी सड़क पर फैल गई है।

## मूलभूत समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर प्रभावित ग्रामीण केतकी खदान में फिर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत केतकी, गायत्री, रेहर खदान में आस-पास के गांव के ट्रेनिंग प्राप्त किए लोगों को रोजगार देने व अन्य मुद्दों को लेकर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। मंगलवार को भाजपा नेता संत सिंह व जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

- विभिन्न समस्याओं को लेकर किया था धरना-प्रदर्शन

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत केतकी, गायत्री एवं रेहर खदान में आस-पास के ग्राम पंचायतों क्रमशः जोबगा, केतका, लाछा, पोडी, मानी, गेतरा के बीटीसी प्राप्त स्थानीय मजदूरों को रोजगार न देकर बाहर के लोगों से अवैध लाभ प्राप्त कर उन्हें रोजगार प्रदान किया जा रहा है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 50 दिन की बीटीसी ट्रेनिंग कराई जाती है। उसके एवज में 10 से 15 हजार रुपए अवैध उगाही कर उन्हें ट्रेनिंग में भेजा जाता है। एसईसीएल से कोयला निकालने का कार्य एसएमएस एवं गैनवेल कंपनी को प्राप्त हुआ है। उक्त कंपनी द्वारा लेबर की आपूर्ति हेतु परमानन्द, अवन्ती, राकेश बहादुर, धनंजय शर्मा, अरूण सिंह, आशुतोष को नियुक्त किया गया है। ठेकेदारों द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त किये मजदूरों को मजदूरी का कार्य न देकर बाहर के अन्य लोगों से 70 से 80 हजार रुपए अवैध लाभ प्राप्त कर रोजगार प्रदान किया जा रहा है जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि स्थानीय लोगों को मजदूरी के पद पर पहली प्राथमिकता दिया जाना है। इसके अलावा एक अन्य समस्या है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदान के अंदर में जो पानी का छिड़काव किया जाता है, इससे भारी कीचड़ होता है, उक्त कीचड़ ट्रक, ट्राला के टायरों में लगकर सम्पूर्ण सड़क को खराब कर दिया है तथा स्कूल समेत नजदीक के क्षेत्र में कोयले की डस्ट भर जाती है। ऐसे में ग्राम वासियों का जीवन अत्यंत दूभर हो गया है। उपरोक्त मांगों के पूरा नहीं होने की स्थिति में केतकी खदान में 5 जनवरी को गेट बंद कर हड़ताल किया गया। जिसमें चर्चा उपरान्त प्रबंधन द्वारा समस्याओं के निराकरण करने हेतु कोरा आश्वासन दिया गया है जिसमें किसी प्रकार की पहल होती नहीं दिख रही है। ज्ञापन में ग्राम जोबगा, केतका, लाछा, पोड़ी, मानी, गेतरा पंचायतों द्वारा आम राय बनाकर निर्णय लिया गया कि आगामी 10 दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा केतकी खदान के मुख्य द्वार पर पुनः ताला लगाकर हड़ताल किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मातेश्वरी ने जिम्मेदारी के साथ निभाया एसआईआर कार्य

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित आदर्श जवाहरलाल नेहरू आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता मातेश्वरी द्विवेदी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान मिसाल पेश की है। अतिरिक्त दायित्वों के बावजूद उन्होंने अपने कार्य को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाया। जानकारी के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 एवं वार्ड क्रमांक 6 में बीएलओ का दायित्व भी मातेश्वरी द्विवेदी द्वारा सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। दो वार्डों का अतिरिक्त कार्यभार होने के बावजूद उन्होंने अपने मूल पद की जिम्मेदारियों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती। एसएआर कार्य के दौरान जहां नगर के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रभावित रहा और कुछ केंद्र बंद रहने की स्थिति में भी पहुंचे, वहीं वार्ड क्रमांक 4 स्थित आदर्श जवाहरलाल नेहरू आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित रूप से संचालन होता रहा। केंद्र में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहा। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की कार्यशैली की सराहना की है। उनका कहना है कि अतिरिक्त जिम्मेदारियों के बावजूद केंद्र का नियमित संचालन होना अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



## कोल कर्मियों की ग्रेच्युटी रकम की सीमा 20 लाख से बढ़कर हुई 25 लाख

**बिश्रामपुर।** कोयला क्षेत्र के अधिकारियों और गैर-संघटित पर्यवेक्षकों के लिए कोल इंडिया ने एक बड़ा फैसला लिया है।

सेवानिवृत्ति लाभों को और सुदृढ़ करते हुए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है,कोल इंडिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह संशोधित व्यवस्था 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी मानी जाएगी,ज्ञात हो कि यह महत्वपूर्ण निर्णय डीपीई वेतन पुनरीक्षण दिशा-निर्देश 2017 के क्रियान्वयन तथा औद्योगिक महंगाई भत्ता के 1 अक्टूबर 2025 को 50 प्रतिशत की सीमा पार कर 51.8 प्रतिशत तक पहुंचने के फलस्वरूप लिया गया है,नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर सेवानिवृत्ति लाभों में संशोधन का प्रावधान है,जिसके तहत अब ग्रेच्युटी सीमा में यह ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है,इस संशोधन के बाद कोल इंडिया एवं उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के पात्र अधिकारी और गैर-संगठित पर्यवेक्षक ग्रेच्युटी राशि में लगभग 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का लाभ उठा सकेंगे,इससे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होगा,जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह संशोधन सक्षम प्राधिकारी की पूर्ण स्वीकृति के बाद लागू किया गया है,साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी प्रकार की व्याख्यात्मक अस्पष्टता उत्पन्न होती है,तो अंग्रेजी संस्करण को ही प्रमाणिक माना जाएगा,ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच उत्साह का माहौल है,कर्मचारी संगठनों और यूनियन नेताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों के हित में एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम बताया है।

यूनियन प्रतिनिधियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में यह निर्णय कर्मचारियों की वर्षों की सेवा का सम्मान है और इससे कोयला उद्योग में कार्यरत कर्मियों का मनोबल और विश्वास दोनों मजबूत होंगे,आने वाले समय में इस निर्णय से हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, ऐसी स्थिति में कोल इंडिया का यह फैसला कोयला उद्योग के इतिहास में कर्मचारी हितैषी निर्णयों की सूची में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## सेमरा में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा के कंवर आदिवासी भवन में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भाजपा जिला प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा की उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेई शताब्दी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भाजपा जिला विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा, एसआईआर के प्रभारी प्रवीण अग्रवाल द्वारा उपस्थित बी एल ए 2 एवं बूथ अध्यक्ष को संबोधित करते हुए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोग अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी दिवस को अटल के यादगार के रूप में मना रहे है। अटल बिहारी वाजपेई द्वारा ही सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया गया, साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में पक्की डामरीकरण सड़क, बड़े बड़े सिंचाई के लिए बांध, स्कूल भवन, बिजली, प्रधान मंत्री आवास सहित अनेकों मूलभूत सुविधाएं जन जन तक पहुंचाने का कार्य अटल बिहारी वाजपेई द्वारा किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में काफी विकास हुआ है, अटल बिहारी वाजपेयी 3 बार भारत देश के प्रधानमंत्री रहकर भारत देश के लिए अनेकों प्रकार की सौगात दिए है। अटल बिहारी वाजपेई एक बहुत बड़े कवि भी थे जिनकी कविताएं आज भी जगह प्रसिद्ध है। अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनका राजनीति में कोई भी शत्रु नहीं था। सभी दल के नेता को उनसे कोई शिकायत नहीं थी, सभी आदर भाव से हमेशा इनके आदर्शों का पालन करते थे। अटल बिहारी वाजपेई के प्रयास से ही हम सभी को छत्तीसगढ़ राज्य मिला तथा सभी जगह विकास कार्य हुए। इस अवसर पर कुसमी क्षेत्र के किसानों ने देवरी धान मंडी एवं कुसमी धान मंडी में टोकन नहीं मिलने पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी करने की तिथि बढ़ाने की मांग की। जिस पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके इस समस्या का हल निकाले कि बात कही, जिससे किसानों का धान मंडी में बिक्री हो सके। कार्यक्रम के दौरान गौरी शंकर अग्रवाल, मुन्ना लाल चौधरी, हिरामुनी निकुंज, बसंती भगत,आनंद जायसवाल, शिव शंकर मरावी, केदार गुप्ता, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, संजय जायसवाल, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



# हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खालसा पंथ के संस्थापक व सिक्खों के दसवें गुरु सरवंशदानी श्री गुरुगोबिंद साहेब जी का प्रकाश पर्व नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में भक्तिभाव, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शनिवार को गुरुद्वारा में रखाए गये अखण्ड पाठ की समाप्ति सोमवार की सुबह 11:30 बजे सम्पन्न हुई,तत्पश्चात रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत व अजीत सिंह द्वारा उपस्थित साध संगत के समक्ष गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन व कथा उच्चारण किया गया,इससे पूर्व प्रकाश उत्सव मनाने के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा दिनांक 29 दिसंबर से निरंतर पांच दिनों तक कड़कड़ाती ठंड के बावजूद आस्था को दृढ़ रखते हुए सुबह तड़के प्रभात फेरी निकालकर शबद कीर्तन किया जाता रहा जिसमें सिक्ख सेवादारों द्वारा प्रसाद वितरण की सेवा की जाती रही, सोमवार को अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया जहाँ काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादरूपी लंगर ग्रहण किया। सोमवार की देर शाम को भी गुरुद्वारा में छोटे बच्चों व स्त्री साध संगत की सदस्यों द्वारा दशम पातशाही की गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया,इन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रबंधन कमेटी द्वारा शाम के दीवान में हिस्सा लेने वाले वालों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में परमजीत सिंह, सुखदेव सिंह, सुविंदर सिंह, मनप्रीत सोहल, निंदर सिंह, गुरदीप माखीजा, दलजीत सिंह, बख्शीस मान, सुरजीत चावला, रणबीर भामरा, हरजीत सैनी सक्रिय रहे।



### पंजाब से आये गतका ग्रुप ने दिखाए हैरतंगेज करतब

प्रकाश पर्व के एक दिन पूर्व रविवार को सिक्ख समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से दोपहर 4 बजे प्रारम्भ होते हुए कॉलोनी क्षेत्र, बस स्टैंड, मेन मार्केट होते हुए वापस शाम 7 बजे गुरुद्वारा प्रांगण पहुंची,श्री गुरु ग्रन्थ साहेब की सजी पालकी की अगुवाई खालसा रूप में सजे पंज प्यारे निंदर सिंह, परमजीत सिंह, इशरजोत सिंह बग्गा, प्रिंसराज सिंह बग्गा, वीर सिंह, जसप्रीत सिंह ने की,शोभायात्रा का नगर में सिक्ख समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पंज प्यारो की सेवा की एवं नाश्ता प्रसाद वितरण किया। इसमें मुख्य रूप से कॉलोनी क्षेत्र में मंजीत सिंह नारू, बक्शीस मान, साईं सेवा समिति, जगन्नाथ सेवा समिति, अयप्पा सेवा समिति एवं शाम को मेन मार्केट में खुशबीर सिंह खेड़ा,गुरजीत सिंह होरा, मंजीत सिंह खेड़ा,हर्षदीप बग्गा मनी एवं जगदीश सिंह बग्गा की तरफ से प्रसाद वितरण की सेवा कराकर अरदास कराई गई। इस दौरान नगर के मुख्य चौक चौराहों पर पंजाब प्रांत के मानसा क्षेत्र से आये दलेर खालसा गतका ग्रुप के सदस्यों ने पारम्परिक शस्त्रों से हैरतअंगेज करतब लोगों और साध संगत को दिखाए जो कि शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र बना रहा।





# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वारिसों के लिए किया गया 4-4 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत परए सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये का आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। इसमें तालाब के पानी में डूबने से हुई मौत पर सारंगढ़ के पैलपारा के मृतक भावेश चौहान की माता चित्तकुंवर चौहान के लिएए आकाशीय बिजली से मौत मामले में सारंगढ़ तहसील के ग्राम जसपुर के मृतक विजय माली की पत्नी साधमती माली और बरमकेला तहसील के ग्राम बोईरडीह के मृतक भानु प्रताप साहू की पत्नी सीमा साहू के सयुंक्त परिवार के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत किया है।

### कल से होगा विप्लव त्रिपाठी वार्ड विजेता कप

**रायगढ़।** शहर के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंजरी प्लांट युवा संघ के तत्वाधान में शानदार चौथे वर्ष शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्मृति वार्ड विजेता टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी 8 फरवरी से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक वार्ड के खिलाड़ी अपने वार्ड की टीम से खेल सकेंगे। जिसमें कप्तानी की जवाबदारी वार्ड पार्षद स्वयं निभाएंगे। नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्ड में से केवल 32 वार्ड की टीम ही प्रतियोगिता में हिस्सा ले पाएगी। इसलिए आगामी 1 फरवरी तक निर्धारित अग्रिम राशि 1500 रुपए आयोजन समिति के पास जमा कराकर अपने वार्ड की टीम का प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

### भू-अर्जन मुआवजा अब सीधे किसानों के खातों में

**रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा भू अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान प्रक्रिया को सुगम, सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह नई व्यवस्था रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 26 सितंबर से प्रभावशील की गई है। इस पहल के तहत भू अर्जन से प्रभावित किसानों को मुआवजा एवं पुनर्वास तथा बोनस की राशि सीधे ऑनलाइन बैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ साथ किसानों को होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का भी समाधान हो रहा है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 सितंबर से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में भू अर्जन मुआवजा मद अंतर्गत कुल 92 प्रभावित किसानों को 8 करोड़ 66 लाख 57 हजार 210 रूपए का भुगतान किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएमश्री शाला ...

नाटक भी प्रस्तुत किया एवं प्रेरणादाई गीत सुनाए। विद्यालय के 4 बच्चों को विभिन्न क्रियाकलाप में अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया जिसमें सालेहा खातून, आकृति नाग, आश्या भगत, अहमद अंसारी के नाम शामिल है।

### झारखंड से आ ...

करीब 5 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केतार के पास दो संदिग्ध ट्रक भारी मात्रा में धान लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी आरा पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों ट्रकों को रोक लिया। तलाशी लेने पर ट्रक क्रमांक सीजी 04-एनडब्लू-7035 और सीजी 10-बीपी-8723 में 200-200 बोरी, यानी 80-80 क्विंटल धान लोड मिला।

---

### साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता सहित स्वास्थ्य सुविधाओं का लिए जायजा

# कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुलेसा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज विकासखंड बगीचा के ग्राम पंचायत सुलेसा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने स्वास्थ्य केंद्र के प्रत्येक वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने लैब कक्ष में किए जा रहे विभिन्न परीक्षणों की जानकारी लेते हुए जो आवश्यक उपकरणों की कमी रह गई है उसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा को दिए। दवा भंडार कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और कहा कि वितरण के पश्चात जिन दवाओं की कमी हो जाती है, उनकी समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने ड्रेसिंग रूम, प्रसव कक्ष, वेलनेस एवं परामर्श कक्ष सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया और कमियों को दूर कर व्यवस्थाओं को और अधिक सु व्यवस्थित बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शौचालयों की स्वच्छता, पेयजल की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही भवन का रंग-रोगन कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड सहित केंद्र और राज्य सरकार। द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं के लाभों की जानकारी ग्रामीणों को देने तथा पात्र हितग्राही जिनके कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनका कार्ड शीघ्र बनाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप राठिया, स्वास्थ्य अधिकारी आकांक्षा टोप्पो, जनपद पंचायत सीईओ विनोद सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी करने के दिए निर्देश

### विकास कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित झांकी तैयार करें



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है उन कार्यों के लिए प्रथम किश्त की राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जा सकें।

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के निर्देश

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान आगामी 26 जनवरी की तैयारी की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि इस वर्ष में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा सभी अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई उसका गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रणजीता स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम के लिए परेड की तैयारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की उपलब्धियों पर आधारित झांकी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में मंच व्यवस्था बैठक व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण पत्र वितरण व्यवस्था सहित जरूरी सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा की अपने विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले नाम की सूची भेजते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की वे तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हो और उनको पहले प्रमाण पत्र नहीं मिला हो जिनको पहले भी 15 अगस्त और 26 जनवरी में प्रमाण पत्र मिल चुका है। उनकी सूची नहीं भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने के निर्देश दिए हैं।

---

### सीजीएमएससी व हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की हुई समीक्षा

# निर्माण कार्यों को समय सीमा में करें पूर्णः कलेक्टर




**जशपुरनगर।** जिले में चल रहे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने विगत दिवस सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन) एवं हाउसिंग बोर्ड निर्माण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने दोनों विभागों के अंतर्गत स्वीकृत एवं जारी कार्यों की प्रगति दर की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यों को तय समय-सीमा मंल पूर्ण करने के सख्त निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने सीजीएमएससी द्वारा निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सब हेल्थ सेंटर, एमसीएच यूनिट, मीटिंग हॉल, वैक्सीन स्टोरेज यूनिट, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित अन्य सहायक अधोसंरचना कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन स्वास्थ्य परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में चिकित्सा सुविधाओं को बड़ी मजबूती मिलेगी, अतः सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने हाउसिंग बोर्ड निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे तहसील भवन, मिनी स्टेडियम, छात्रावास भवन, प्रशिक्षण केंद्र एवं परियोजना कार्यालय के निर्माणाधीन कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न करते हुए नियमित निगरानी के साथ प्रगति सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री व्यास ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले के नागरिकों से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी निर्माण एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर समय-सीमा में लक्ष्य हासिल करें। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सहित सीजीएमएससी एवं हाउसिंग बोर्ड विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

# दामिनी एवं मेघदूत एप से आकाशीय बिजली एवं मौसम पूर्वानुमान की मिलेगी जानकारी

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात आदि आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने हेतु सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किये गए है, मोबाइल में सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड कर उपयोग करने तथा आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा सभी आम नागरिकों को दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड करने हेतु सूचित किया जा रहा है। ऐप डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है तथा विशेष परिस्थिति में टोल फ्री नंबर 1070 पर कॉल कर संपर्क स्थापित कर सकते है। मेघदूत ऐप डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लांच किया गया है। मौसम विभाग में मेघदूत नाम का एक ऐप विकसित किया गया है जो किसान की फसलों का सुरक्षा कवच साबित होगा। इसका उपयोग बेहद सरल है। इसके माध्यम से मौसम की जानकारी के आधार पर किसानों को फसल जोखिम प्रबंधन से संबंधित सलाह मिलती है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से किसानों को डाउनलोड करना होगा और फिर अपने मोबाइल नंबर से पंजीकरण करके मौसम की जानकारी का अलर्ट पा सकते हैं। दामिनी ऐप के माध्यम से किसानों को आकाशीय बिजली से बचाव के तरीकों के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाएगी। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत किसान की लोकेशन के अनुसार उस स्थान से 40 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में ऑडियो संदेश एवं एसएमएस के माध्यम से अलर्ट मिलेगा।

---

# सीएम के गृह जिले में लोगों को मिल रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा जिलेवासियों को दी गई 10 अतिरिक्त संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंसों की सौगात के बाद आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त हुई हैं। वर्तमान में जिले में कुल 24 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस जीवन रक्षक बनकर दिन-रात जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में दौड़ रही हैं।जिले के संजीवनी एक्सप्रेस 108 एंबुलेश के प्रबंधन दीपक साहू ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जिले में कुल 10,114 मरीजों को समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई।

- डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस बनी जिले की जीवन रेखा
- वर्ष 2025 में 10,114 मरीजों को मिली आपातकालीन सेवा

सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, हृदयाघात, सर्पदंश तथा प्रसूति जैसे आपात मामलों में इन एंबुलेंसों ने अहम भूमिका निभाई है।डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस से 2025 में 572 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कई मामलों में एंबुलेंस के भीतर ही सफल प्रसव कराकर माँ और नवजात की जान बचाई गई, जो एंबुलेंस में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदान की गई अतिरिक्त 10 एंबुलेंसों के चलते दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक भी त्वरित स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित हो पाई है। इससे न केवल प्रतिक्रिया समय में कमी आई है, बल्कि ग्रामीण अंचलों के लोगों को भी समय पर जीवन रक्षक चिकित्सा सुविधा मिल रही है। जिलेवासियों का कहना है कि संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा ने आपात स्थिति में भरोसेमंद सहारा बनकर स्वास्थ्य व्यवस्था में नई मजबूती दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ होती जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

---

# कांग्रेस का धान खरीदी किसान न्याय आंदोलन कल




**जशपुरनगर।** धान खरीदी में कथित मनमानी अवैध वसूली और किसानों से हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में जशपुर जिला कांग्रेस कमेटी 9 जनवरी शुक्रवार को जिले भर में बड़ा आंदोलन करने जा रही है। कांग्रेस ने घोषणा की है कि जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में एक साथ सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह जिला-व्यापी आंदोलन जिला कांग्रेस अध्यक्ष यूडी मिंज के नेतृत्व में होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव एवं जिला कांग्रेस प्रभारी भानु प्रताप सिंह को कार्यक्रम का वरिष्ठ मार्गदर्शक बनाया गया है, जो संगठनात्मक और रणनीतिक दिशा देंगे। इसके लिए कांग्रेस ने विधानसभा व संयोजक तय किए हैं। पूर्व विधायक विनय भगत , मुख्य संयोजक, जशपुर जिला के साथ जशपुर विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। जशपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, सह संयोजक को कुनकुरी विधानसभा के साथ सेवा दल, सभी प्रकोष्ठ के प्रभारी और पथलगांव विधानसभा में प्रदेश महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य को सह संयोजक आरती सिंह, युवा कांग्रेस प्रभारी रवि शर्मा और महिला कांग्रेस प्रभारी रत्ना पैकरा को भी आंदोलन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---



# टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन जशपुर बलास्टर बनी विजेता

**पत्थलगांव।** नगर के हाई स्कूल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 3 जनवरी से आयोजित स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव एवं स्व. हीरालाल राणा की स्मृति में आयोजित टी-20 ड्यूस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मुख्य अतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की उपस्थिति में हुआ। स्पर्धा में जशपुर बलास्टर की टीम विजेता बनी।

प्रतियोगिता में जशपुर से चार टीमों का सलेक्शन हुआ था। राज्य स्तर तक खेल चुके क्रिकेट खिलाड़ी इसमें शामिल रहे। बुधवार के फायनल मैच में जशपुर ब्लास्टर की टीम ने जशपुर ड्रेगन की टीम को 6 रन से हराकर मुकाबला जीतते हुए ट्राफी में कब्जा बनाया। मुख्य अतिथि शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने विजेताओं को ट्राफी प्रदान कर कहा कि कोई प्रतियोगिता कोई भी टीम जीते नाम जशपुर का ही होगा। इस दौरान पीएमश्री स्कूल की बालिकाओं ने योग अभ्यास किया जिसे देखने पर सभी मंचासीन अतिथियों एवं क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद थे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एलडी बंजारा ने कहा की क्रिकेट आज गांव गांव का मुख्य खेल बन चुका है। जिसमें युवा काफी जोर शोर से खेल रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि शौर्य प्रताप सिंह जूदेव एवं सभी अतिथियों के साथ आयोजन समिति, क्रिकेट खिलाड़ी एवं क्रिकेट प्रेमियों का आभार जिन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियो का हौसला बढ़ाया।

---

# सांसद ने किया चिखलापानी में नए आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किया। यह आंगनबाड़ी केंद्र धरमजयगढ़ विकासखंड के चिखलापानी, बलपेदा, बसंतपुर क्षेत्र में 11.69 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष रूप से पिछड़ी आदिवासी जनजातियों के समग्र विकास के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा की बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है।

---

### सफल किसानों के खेतों में शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित

# कृषि सखियों ने ओरमांझी में सीखे आधुनिक खेती के गुण



**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखंड की 47 कृषि सखियों का रांची (झारखंड) में सफल किसानों के खेतों का परिभ्रमण जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड में कार्यरत कृषि सखियों के दल का 6 जनवरी 2026 को झारखंड राज्य के रांची जिले अंतर्गत ओरमांझी प्रखंड में कार्यरत प्रसिद्ध एवं सफल किसानों के खेतों में शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस परिभ्रमण के दौरान कृषि सखियों ने झारखंड सरकार एवं भारत सरकार द्वारा सम्मानित कृषक गणशू महतो तथा प्रगतिशील महिला किसान संगीता देवी के खेतों में किए जा रहे उन्नत कृषि कार्यों का गहन अवलोकन किया। परिभ्रमण के दौरान कृषि सखियों ने गोभी, मटर, मूली, मिर्च सहित विभिन्न प्रकार की साग-सब्जियों की उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे मल्चिंग का महत्व, ऑर्गेनिक खेती की तैयारी, मृदा परीक्षण की उपयोगिता, उचित उर्वरकों का चयन, मचान खेती, ड्रिप इरीगेशन प्रणाली आदि को प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं समझ विकसित की। यह अभिनव एवं प्रेरणादायक पहल कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास के कुशल नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विहान अंतर्गत कार्यरत कृषि सखियों को सफल किसानों के अनुभवों से रूबरू कराना, कृषि पद्धतियों, रखरखाव एवं नवाचारों पर विचारों का आदान-प्रदान कर सीख विकसित करना है। झारखंड सरकार द्वारा सम्मानित कृषक गणशू महतो ग्राम सदमा ओरमांझी झारखंड ने अपने जीवन संघर्ष को साझा करते हुए बताया कि वे कभी 50 रूपए प्रतिदिन की नौकरी किया करते थे, किंतु उन्नत कृषि की जानकारी अपनाकर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। आज वे आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख की आय अर्जित कर रहे हैं। उनके प्रेरक जीवन वृतांत को सुनकर जशपुर जिले की महिला कृषि सखियां अत्यंत उत्साहित एवं प्रेरित हुईं। इसी प्रकार प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती संगीता देवी ग्राम कच्चू ओरमांझी झारखंड ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने 40 एकड़ जमीन लीज में लेकर वर्तमान में 8 एकड़ भूमि पर सब्जी एवं अन्य फसलों की उन्नत खेती कर लाखों रुपये की वार्षिक आय प्राप्त की। उनके अनुभवों ने महिला कृषकों में आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार किया।




